# न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों की प्रगति की अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने रविवार को न्यायालयों में जातिगत विभागीय प्रकरणों की समीक्षा बैठक की



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर न्यायालयों में लंबित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, विधिक कारणों से किसी प्रकार की रूकावट ना आए इसके लिए राज्य सरकार द्वारा न्यायालयों में लंबित मामलों में प्रभावी रूप से पक्ष रखा जा रहा है।*

■ **मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि उच्चाधिकारी स्वयं भी नियमित रूप से अधिवक्ताओं के साथ चर्चा करें व उन्हें प्रकरण से संबंधित पहलुओं से अवगत करायें।**

जयपुर, 18 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की 8 करोड़ जनता के समग्र कल्याण के लिए समर्पण भाव से कार्य कर रही है। हम राज्य की चहुंमुखी प्रगति के लिए जनकल्याणकारी विकास योजनाओं का निर्बाध संचालन सुनिश्चित कर रहे हैं। इनमें विधिक कारणों से किसी प्रकार की रूकावट ना आए इसके लिए राज्य सरकार द्वारा न्यायालयों में लंबित मामलों में प्रभावी रूप से पक्ष रखा जा रहा है। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर न्यायालयों में लंबित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों में विभाग की तरफ से नियुक्त अधिकारीगण प्रकरणों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। ये अधिकारी न्यायालय में पैरवी के लिए राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिवक्ता के साथ निरंतर संपर्क में रहते हुए उन्हें आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध करवाएं जिससे इन प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो सके। उन्होंने विभागों के शासन सचिवों को निर्देश दिए कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्चाधिकारी स्वयं भी नियमित रूप से अधिवक्ताओं के साथ चर्चा कर प्रकरण से संबंधित विभिन्न पहलूओं से उन्हें अवगत कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना सरकार का लक्ष्य है। इसलिए न्यायालय में लंबित भर्ती संबंधी प्रकरणों का विधिवत परीक्षण करवाकर उनका शीघ्र निस्तारण करवाया जाए।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू, महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, विभिन्न अतिरिक्त महाधिवक्तागण एवं संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## मायावती ने भतीजे आकाश आनन्द को मुख्य नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया

लखनऊ/दिल्ली, 18 मई। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर अपने भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा जताते हुए उन्हें पार्टी का मुख्य नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया है। दरअसल, आकाश आनंद रविवार को एक बार फिर बुआ मायावती के साथ नजर आए। आज मायावती ने सेंट्रल ऑफिस, लोधी रोड, दिल्ली में बसपा की एक राष्ट्रीय स्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें देश के हर राज्यों से आए पदाधिकारी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश के सारे जिला अध्यक्ष, को-ऑर्डिनेटर भी शामिल हुए। बैठक में सारे नेशनल कॉर्डिनेटर, जनरल सेक्रेटरी एवं प्रदेशों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

## आरएसएस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेटिव था। लश्कर-ए-तैयबा ने भारत में हमलों की तैयारी करने के लिए टास्क दिया था। जिसके बाद वो नेपाल में कई सालों तक बेस बनाकर वहां से लगातार भारत में आतंकवादी हमले करवा रहा था। लेकिन बाद में वो नेपाल से भागकर पाकिस्तान में छिपा हुआ था और इंडिया का मोस्ट वांटेड आतंकी था।

# 'भाजपा, सेना के पराक्रम का चुनावी उपयोग नहीं करे'

## कांग्रेस ने रेलवे टिकट पर ऑपरेशन सिंदूर व मोदी के प्रचार पर आपत्ति की

■ **पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मीडिया सलाहकार ने कहा कि भारत में सेना को राजनीतिक बहस से दूर रखने की स्वस्थ परम्परा है। भाजपा इस परम्परा को तोड़ सेना के अभियान को प्रचार सामग्री बना रही है।**

भोपाल, 18 मई। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की। सरकार ने इसे बड़ी कामयाबी बताया और इसके प्रचार को व्यापक स्तर पर शुरू किया गया है। इसी के तहत, रेलवे टिकट पर ऑपरेशन सिंदूर का प्रचार किए जाने को लेकर मध्यप्रदेश में सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर सेना के शौर्य का राजनीतिक उपयोग करने का आरोप लगाया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने कहा है कि जब से भारत की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के दांत खट्टे किए हैं, तब से भाजपा की कोशिश यही है कि सेना के पराक्रम और वीर सैनिकों की बहादुरी को चुनावी राजनीति के लिए कैसे भुनाया जाए।

बबेले कहा कि भारत में हमेशा से एक स्वस्थ परंपरा रही है कि सेना को राजनीतिक बहस से दूर रखा जाता है, लेकिन भाजपा इस परंपरा को तोड़ते हुए सेना के अभियान को भी प्रचार सामग्री बना रही है। लेकिन, अब जब आप रेलवे टिकट बुक करते हैं, तो ऑनलाइन टिकट पर ऑपरेशन सिंदूर का विज्ञापन दिखाई देता है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर और उनका बयान छपा होता है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि भाजपा आगामी बिहार चुनाव को देखते हुए सेना के शौर्य का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है, यह गलत है। उन्होने कहा कि अगर ऐसे प्रयासों पर समय रहते प्रतिबंध नहीं लगा, तो यह देश के लिए एक गलत मिसाल बन जाएगी।

जवाब में भाजपा ने कहा कांग्रेस के पेट में दर्द क्यों? भाजपा प्रवक्ता सत्येंद्र जैन चौधरी ने कहा, कांग्रेस हमारे सेना के शौर्य का अपमान कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर हमारी माता-बहनों के सिंदूर उजाड़ने का प्रतिशोध था। सेना ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया गया। यह न्यू नॉर्मल है। यह डिफैंस सिस्टम की विजय है। कांग्रेस को इससे दुख हो रहा है।

राहुल गांधी तो कहते रहे हैं कि भारतीय सेना चीन की सेना से पिट जाती है। कांग्रेस के पेट में दर्द होना स्वाभाविक है।

# पायलट सोमवार को छत्तीसगढ़ में "संविधान बचाओ यात्रा" में भाग लेंगे

## रायपुर में पायलट, पहलगाम आतंकी हमले में मृतक दिनेश मीरानिया के घर गये

■ **पायलट ने कहा कि इस यात्रा के द्वारा केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग सहित कानून व्यवस्था के मुद्दे को जनता तक पहुँचाने की कोशिश की जायेगी।**

रायपुर, 18 मई। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। सचिन पायलट रायपुर पहुंचते ही सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मृतक दिनेश मीरानिया के निवास पर गए। उनके साथ पूर्व उप मुख्यमंत्री सिंहदेव, पीसीसी प्रमुख दीपक बैज, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम भी थे। सभी ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और आतंकी घटना को लेकर चर्चा की।

सचिन पायलट ने आतंकी घटना की निंदा करते हुए ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य को सराहा और साथ-साथ अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा सीजफायर की घोषणा को अपमानजनक बताया।

सोमवार को जांजगीर-चांपा जिले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस "संविधान बचाओ यात्रा" निकालने वाली है जिसमें प्रभारी सचिन पायलट शामिल होंगे, इस यात्रा के माध्यम से केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग सहित कानून व्यवस्था के मुद्दे को आम जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी।

मीडिया से चर्चा करते हुए पायलट ने कहा, हम चाहते हैं कि भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम देने वाली ताकतें हमेशा के लिए समाप्त हों। भारतीय सेना ने जो शौर्य का परिचय दिया है, पराक्रम दिखाया है उसका कोई सानी नहीं है, उन सबको हम सलूट करते हैं। हमें ऐसा कोई आश्वासन मिला है क्या कि भविष्य में पाकिस्तान ऐसा दुस्साहस फिर नहीं करेगा, ये एक बड़ा सवाल है।

उन्होंने कहा कि सीजफायर की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति कर रहे हैं, हमारा मुद्दा आतंकवाद है लेकिन जानबूझकर कश्मीर के मुद्दे को चर्चा में लाया गया जिसका मुझे खेद है अमेरिका के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री ने जब भी चर्चा की आतंकवाद की बात नहीं की।

पायलट ने कहा कि भारतीय सेना और हमारे डीएमओ ने जो जानकारी दी उस पर हमें भरोसा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ टेरर फंडिंग को रोकने के लिए आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को रद्द करने के लिए जो करना चाहिए, हम सरकार के साथ हैं।




राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू ( राज. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600